
प्रभातकिरण
2 | इंदौर, गुरुवार
15 नवंबर 2022

# 'नारी तू नारायणी' में छह महिलाओं का सम्मान


कनिका टेकरीवाल


रूबिका लियाकत


शुभ्रस्था सिखा


सिद्ध विद्या

**इंदौर।** संस्था ज्वाला का 'नारी तू नारायणी' कार्यक्रम परसों शाम पांच बजे से डेली कॉलेज के धीरूभाई अंबानी ऑडिटोरियम में होगा। छह अलग-अलग खासियत के लिए काम करने वाली महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। संस्था के दस साल होने पर भी जश्न मनाया जाएगा। डॉ. दिव्या गुप्ता ने बताया कि भारत में मिसाइल परियोजना की अगुवाई करने वाली पहली महिला वैज्ञानिक टेसी थॉमस को नवाजा जाएगा। टेलीविजन एंकर और पत्रकार रुबिका लियाकत, महिला हॉकी टीम की खिलाड़ी मुमताज खान, फोर्ब्स अंडर-30 और बीबीसी की मोस्ट इंस्पायरिंग वुमेन में शामिल कनिका टेकरीवाल, एनिमल वेलफेयर बोर्ड आफ महाराष्ट्र की सदस्य एडवोकेट सिद्ध विद्या और न्यूज रीडर शुभ्रस्था सिखा का भी सम्मान किया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner

# गौ-हत्या पर स्पीकर से मिले पशु प्रेमी

## महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष का पुलिस को निर्देश, गौ-रक्षकों की हो सुरक्षा

■ **मुंबई.** नवभारत न्यूज नेटवर्क. बकरीद में पहले गौवंश की हत्या के आशंका के मद्देनजर मुंबई और महाराष्ट्र के सभी कार्यकर्ता एकत्रित हो गए हैं. इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने महाराष्ट्र विधान सभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर विधान भवन में मुलाकात की. सभी पशु प्रेमियों ने एक स्वर में महाराष्ट्र सहित विभिन्न हिस्सों में गौ हत्या रोकने एवं बिजनौर में गौ हत्या को रोकने के प्रयास में मारे गए शेखर गौ... एवं 6 गंभीर रूप से घायल गौरक्षकों पर दर्ज हुए मामलों को गंभीरता से लेते हुए स्पीकर नार्वेकर से पशु वध रोकने हेतु बने कानून का सख्ती से लागू करने करने की मांग की. इस पर स्पीकर ने हर संभव कदम उठाने का आश्वासन दिया और कहा कि गौवंश की हत्या रोकने वाले कानून का सख्ती से पालन अवश्य किया जाना चाहिए. इस मौके पर महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के अलावा मुंबई के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) संजय सक्सेना, ज्वाइंट पुलिस आयुक्त श्रीकृष्ण कोकाटे, पशु कल्याण के कमलेश शाह, विश्व हिंदू परिषद महाराष्ट्र गौरक्षा संपर्क प्रमुख लक्ष्मी नारायण चांडक, गौ सेवा संघ के संस्थापक संजय पुरोहित, ओमप्रकाश सिंह, विद्या और बाबू गुप्ता आदि सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे. नार्वेकर ने पशु प्रेमियों को आश्वासन दिया कि सरकार उनके साथ खड़ी है और गौ वध को रोक हर हाल में की जाएगी.



### कानून का सख्ती से करें पालन

विधानसभा अध्यक्ष ने महाराष्ट्र में गौ हत्या रोकने हेतु कानून का सख्ती से पालन, सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्ती दल गठित करने, अवैध पशु तस्करी पर कठोरता से लगाम लगाने, गौ रक्षकों को डराने-धमकाने सहित गौ रक्षकों पर आए दिन हो रहे हमलों पर तत्काल प्रभाव से सख्त कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इन घटनाओं की बढ़ती तादाद को देखते हुए मिल रही शिकायतें एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करते हुए मामले की जांच तत्काल किया जाना चाहिए. उन्होंने महाराष्ट्र की सीमा पर गौ हत्या के लिए दूसरे राज्यों से लाए जा रहे पशुओं पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए. साथ ही उन्होंने गौवंश के प्रजनन पर ध्यान देने की भी बात कही.

### जल्द होगी समीक्षा



स्पीकर ने इस संबंध में सभी निर्देशों पर कितनी त्वरित कार्यवाही किए गए आदि को लेकर अगले दस दिनों के अंदर सभी संबंधित अधिकारियों के साथ एक संयुक्त समीक्षा बैठक विधान भवन मुंबई में पुनः आयोजित करने की भी घोषणा की. आयोजित बैठक में उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से मीरा मकवाना, अंबादास, एड. सिद्ध विद्या, नरेंद्र भारत, डा. दिनेश कोठारी, आशीष जैन, राजेश पवार आदि ने भाग लिया. स्पीकर नार्वेकर ने प्रतिनिधिमंडल को यह भी बताया कि उन्होंने पुलिस से संवेदनशील स्थानों का दौरा करने और गश्त बढ़ाने के लिए दल बनाने को कहा है. इसलिए एहतियाती कदम उठाये जाने चाहिए.

Scanned with OKEN Scanner